पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect Jalore News
facebook.com/patrika.jalore

## पौधरोपण कर लिया धरा को हरा भरा करने का संकल्प

# करगिल विजय दिवस पर किया पौधरोपण

हरियाली राजस्थान
हरियाली से खुशहाली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जालोर. महिला महाविद्यालय में पौधरोपण करते हुए। पत्रिका

**जालोर.** श्रीराजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में करगिल विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान शहीद हुए वीर जवानों की याद में पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य मोहम्मद इरफान ने कहा की 26 जुलाई 1999 को करगिल युद्ध में पाकिस्तान को परास्त कर विजय हासिल की थी। करीब दो महीने तक चले इस युद्ध में भारतीय सेना के जाबाज जवानों ने पराक्रम दिखाया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने कहा कि आज 24 साल पहले वीरगति को प्राप्त हुए शहिदों की याद में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, डॉ. नगेन्द्र बाला, शंकर लाल माली, सोहन राम डूडी, नरेश कुमार, मुकेश कुमार, रतन लाल, पुष्पा देवी एवं छात्राएं उपस्थित रही। इसी तरह शहर के धवला रोड स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र में नवीन होमगार्ड कार्यालय परिसर में बुधवार को पौधरोपण किया गया। प्रभारी मनोहरलाल जोशी ने बताया कि परिसर में 130 पौधे रोपे गए है। साथ ही स्वयंसेवकों ने सभी पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी ली है। इस अवसर पर खेताराम परिहार, अमजद खां, रघुवीरसिंह, हंसाराम, श्रवणसिंह राव, दशरथसिंह सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

**रानीवाड़ा.** शिव सांई सेवा समिति की ओर से राजकीय उमाजी ओखाजी उच्च माध्यमिक विद्यालय मालबाड़ा के परिसर नम्बर दो में पौधरोपण किया गया। इस दौरान छात्रों के पौधों के संरक्षण का जिम्मा उठाया। इसको लेकर दानदाता गौरी भाई हंसराज मेहता की ओर से परीक्षा की तैयारी के लिए पेपर सेफ्टी बोर्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर समिति के तगाराम जीनगर, संजूकंवर, हिनाकुमारी, नर्मदा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रंजना कुमारी, कंचन कुमारी, डोली कंवर, भाविका कुमारी समेत समिति व दानदाता परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

**सांचौर.** श्रम राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई ने स्मृति वन में पौधरोपण कर हरियालो राजस्थान अभियान का आगाज किया। इस दौरान राज्य मंत्री ने कहा कि मानव जीवन के पर्यावरण पहली आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाना व उसका सरक्षण करना पहली प्राथमिकता में होना चाहिए। इस दौरान हिंदू सिंह, योगेश जोशी, स्मृति वन अध्यक्ष अमराराम माली, भगवती विश्नोई, हरीश पुरोहित, सुरेश देवासी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

क्यूआर कोड स्कैन कर दें सुझाव...

## कारगिल विजय दिवस पर किया पौधारोपण किया

**जालोर।** श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया। महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य मोहम्मद इरफान ने कहा की 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को परास्त कर भारत ने विजय हासिल की थी।

इसी दिन को देशभर में कारगिल दिवस मनाया जाता है। करीब दो महिने तक चले इस युद्ध में भारतीय सेना के जवानों ने पराक्रम दिखाया। मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने कहा कि आज 24 साल पहले वीरगति को प्राप्त हुए शहिदों की याद में पौधारोपण किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, डॉ. नगेन्द्र बाला, शंकर लाल माली, सोहन राम डूडी, नरेश कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।